


गेंदबाजी की कमी बल्लेबाजी में पूरी की

भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान ने कमिंस को बेशकीमती क्रिकेटर करार दिया है। उन्होंने लिखा, पैट कमिंस ने एक बार फिर अपनी क्षमता का परिचय दिया। उन्होंने दिखाया कि वह कीमती क्रिकेटर हैं। मुंबई इंडियंस ने 20 ओवरों में 161 का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया था। सूर्यकुमार यादव ने 36 गेंद पर 52 रन की पारी खेली थी। इस बीच कमिंस ने चार ओवरों में 2 विकेट लिए। हालांकि गेंदबाजी में वह काफी महंगे साबित हुए और उन्होंने 49 रन दिए। कमिंस ने गेंदबाजी की कसर बल्लेबाजी में पूरी कर दी। केकेआर ने 16 ओवरों में ही लक्ष्य हासिल कर लिया।

## मुंह से निवाला छीन लिया, सॉरी वड़ा पाव छीन लिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पुणे। पैट कमिंस ने कमाल कर दिया। उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग के इतिहास की संयुक्त रूप से सबसे तेज हाफ संेचुरी लगाई। ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम के इस कप्तान ने सिर्फ 15 गेंद पर 56 रन की पारी खेली। उन्होंने कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलते हुए मुंबई इंडियंस के खिलाफ धमाका कर दिया। महाराष्ट्र क्रिकेट असोसिएशन, पुणे के मैदान पर उनकी पारी ने कोलकाता को पांच विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। कमिंस ने सिर्फ 14 गेंद पर हाफ सेंचुरी पूरी की। उन्होंने साल 2018 में केएल राहुल के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। कमिंस की पारी से प्रभावित होकर वीरेंद्र सहवाग ने सोशल मीडिया पर मजेदार रिऐक्शन दिया है। सहवाग ने ट्वीट कर अपने अलग ही अंदाज में कमिंस की पारी की तारीफ की है। उन्होंने लिखा, मुंह से निवाला छीन लिया, सॉरी वड़ा पाव छीन लिया। पैट कमिंस ने 15 गेंद की अपनी पारी में चार चौके और छह छक्के लगाए। सहवाग ने इसके साथ लिखा, जीरा बत्ती।

# अच्छे-खासे मैच को बर्बाद करने के लिए शुक्रिया

क्रिकेट

## कमिंस ने अकेले अपने दम पर केकेआर को मुंबई इंडियंस पर दिला दी जीत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने पैट कमिंस की तारीफ की है। कमिंस ने अकेले अपने दम पर कोलकाता नाइट राइडर्स को मुंबई इंडियंस की जीत दिला दी। बुधवार को महाराष्ट्र क्रिकेट असोसिएशन, पुणे के मैदान पर खेले गए मैच में उन्होंने सिर्फ 15 गेंद पर 56 रन की पारी खेली। कमिंस ने सिर्फ 14 गेंद पर हाफ संेचुरी पूरी कर ली। यह आईपीएल के इतिहास की संयुक्त रूप से सबसे तेज हाफ सेंचुरी है। केएल राहुल ने भी 14 गेंद पर ही पचासा जड़ दिया था। केकेआर ने सिर्फ 16 ओवर में 162 रन बनाकर मैच जीत लिया।

शास्त्री ने आधिकारिक प्रसारणकर्ता स्टार स्पोर्ट्स से कहा, श्यह कड़वा घूंट है, इसे हजम करना मुश्किल है। उन्होंने कहा, यह हैरान करने वाला है। यह कुछ ऐसा है कि कोई



आपको चॉकलेट दे और इससे पहले कि आप थैंक्यू कहें यह चॉकलेट कोई दूसरा खा रहा होता है।

कमिंस जब क्रीज पर उतरे तब मुंबई इंडियंस का मैच पर पूरा कंट्रोल था। आक्रामक बल्लेबाज आंद्रे रसल वापस जा चुके थे। कोलकाता की टीम के लिए यहां जीत की राह मुश्किल नजर आ रही थी। वेंकटेश अय्यर इकलौते विशेषज्ञ बल्लेबाज थे और 40 गेंद पर टीम को जीत के लिए 61 रन चाहिए थे। ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान ने यहां से बल्ले का जोर दिखाया। उन्होंने धमाका शुरू किया और आखिर पांच ओवरों में कोलकाता को आखिरी पांच ओवरों में 35 रन चाहिए थे। कमिंस ने डेनियल सेम्स के एक ओवर में 35 रन बटोरकर मैच खत्म किया।

शास्त्री ने कहा, यह अविश्वसनीय है। आप ऐसा मैच देखते हैं जिसमें दूसरी टीम मजबूत नजर आ रही होती है। फिर धीरे-धीरे पासा पलटना शुरू होता है। यह 60-40 तक पहुंचता है। यहां भी मुंबई इंडियंस का पलड़ा भारी है। फिर अगला ओवर आता है और खेल खत्म। मैंने काफी लंबे समय से ऐसा मैच नहीं देखा। और मैंने सही मायनों में काफी क्रिकेट देखा है।

भारतीय टीम के साथ करार समाप्त होने के बाद टीवी पर ब्रॉडकास्टर के रूप में लौटे शास्त्री ने कहा, श्आप बल्लेबाजी को देखिए। ऐसा लगता है कि वह किसी मिशन पर उतरे थे। उन्होंने गेंदबाजी में चार ओवरों में 49 रन दिए। और कहा, मैं वे रन बनाऊंगा और ज्यादा बनाऊंगा। सही में उन्होंने कमाल की बल्लेबाजी की। उनकी पारी में शायद ही कोई मिस हिट हो। अविश्वसनीय।

## कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ हार के बाद रोहित शर्मा दिखे नाराज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पुणे। इंडियन प्रीमियर लीग 2022 के 14वें मैच में मुंबई इंडियंस का सामना कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ था। पांच बार की चैंपियन टीम ने पहले दो मैच नहीं जीते थे और उसकी पूरी कोशिश पॉइंट्स टेबल पर अपनी मौजूदगी दर्ज करवाना था। टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 161 का एक चुनौतीपूर्ण स्कोर भी खड़ा किया। रोहित शर्मा की टीम ने इसके बाद गेंदबाजी में भी एक वक्त तक अच्छा प्रदर्शन किया। टायमल मिल्स ने आंद्रे रसल को पविलियन भेजा, तब मुंबई के खेमे में जीत की उम्मीदें बहुत बढ़त गई होंगी। कोलकाता की टीम को तब आखिरी सात ओवरों में जीत के लिए 61 रन चाहिए

पैट कमिंस की ये पारी दुनिया कयामत तक याद रखेगी

थे। लेकिन इसके बाद सब बदल गया। पैट कमिंस आए। आए और छा गए। सिर्फ 15 गेंद पर 56 रन बनाकर उन्होंने मैच केकेआर की झोली में डाल दिया। वह सातवें नंबर पर बैटिंग करने उतरे और कमाल की फिनिशिंग पारी खेली। गेंदबाजी में पैट कमिंस का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। उन्होंने चार ओवरों में 49 रन दे दिए थे। और दो विकेट हासिल किए थे। इसके बाद बल्लेबाजी में उन्होंने इसका हिसाब चुकता करने की कोशिश की।

उन्होंने मुंबई इंडियंस के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज जसप्रीत बुमराह पर सबसे पहले हमला बोला। रोहित को उम्मीद थी कि बुमराह आएंगे और वेंकटेश अय्यर को पविलियन भेज देंगे। अय्यर कोलकाता की ओर से इकलौते विशेषज्ञ बल्लेबाज बचे थे। लेकिन कमिंस के इरादे अलग थे। उन्होंने इस ओवर में एक छक्का और एक चौका लगाकर रफ्तार पकड़ी। यह कमाल की बल्लेबाजी थी और बेशक, मुंबई के कप्तान रोहित शर्मा इस तरह के प्रदर्शन से खुश नहीं थे। रोहित के चेहरे पर निराशा साफ तौर पर देखी जा सकती थी।

रोहित अपनी खीझ को छुपा नहीं पाए और यह सामने भी आ गई। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, जहां कप्तानों से मैच से जुड़े सवाल पूछे जाते हैं। रोहित की नाराजगी नजर आ गई। वह कॉमेंटेटर डैनी मॉरिसन की आवाज सुन नहीं पा रहे ते। उन्होंने परेशान होकर आवाज ऊंची करने को कहा।

## नीतीश राणा और बुमराह की मुश्किलें बढ़ीं, जुर्माने के साथ लगाई गई फटकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोलकाता और मुंबई के बीच हुए इंडियन प्रीमियर लीग के 14वें मैच में कोलकाता ने मुंबई को हराकर प्वाइंट्स टेबल के टाप पर जगह बना ली जबकि मुंबई को इस सीजन में लगातार तीसरी हार झेलनी पड़ी। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए इस मैच में 4 विकेट खोकर 161 रन बनाए थे जिसे कोलकाता की टीम ने पैट कमिंस के 15 गेंदों पर खेली गई 56 रन की तूफानी पारी की बदौलत 16 ओवर में ही हासिल कर लिया। मैच के बाद मुंबई के लिए एक और बुरी खबर इंतजार कर रही थी। दरअसल मुंबई इंडियंस के गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और कोलकाता नाइटराइडर्स के बल्लेबाज नीतीश राणा को आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया गया है। दोनों खिलाड़ियों को इसके लिए फटकार लगाई गई है। नीतीश राणा पर उनके मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना भी लगाया गया है। उन्होंने लेवल 1 के इस अपराध को स्वीकार कर लिया है। जसप्रीत बुमराह ने भी लेवन 1 के इस अपराध को स्वीकार कर लिया है, उन्हें भी फटकार लगाई गई है।

## न्यूज डायरी



## अब नहीं दिखेगा महेंद्र सिंह धोनी का आईपीएल का यह विज्ञापन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। द एडवरटाइजिंग स्टैंडर्ड काउंसिल ऑफ इंडिया ने इंडियन प्रीमियर लीग से एक प्रमोशनल एड हटाने को कहा है। इस विज्ञापन में महेंद्र सिंह धोनी नजर आ रहे हैं। काउंसिल ने रोड सेफ्टी ऑर्गनाइजेशन की शिकायत के बाद यह फैसला लिया है। इस शिकायत में कहा गया है कि यह विज्ञापन ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन को बढ़ावा देता है। शिकायत कन्ज्यूमर यूनिटी ऐंड ट्रस्ट सोसायटी ने इस विज्ञापन के खिलाफ दर्ज की। इस विज्ञापन में धोनी को एक बस ड्राइवर के रूप में दिखाया गया है। वह एक व्यस्त सड़क के बीचोंबीच बस को रोक देता है। इस विज्ञापन में दिखाया गया है कि जब एक पुलिसकर्मी वहां आता है तो धोनी से सवाल पूछता है तो जवाब मिलता है कि आईपीएल का सुपर ओवर देख रहा है। ट्रैफिक पुलिसकर्मी आईपीएल के दौरान इसे सामान्य मानता है और चला जाता है। ASCI ने इस शिकायत पर संज्ञान लेने का फैसला किया है। इसके साथ ही कन्ज्यूमर कंप्लेंट कमिटी सदस्यों ने यह विज्ञापन बनाने वाली कंपनी के प्रतिनिधियों के साथ बैठकर इस विज्ञापन को देखा।

## आज मेरे लिए धोनी को माही भाई बुलाना बहुत मुश्किल है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पुणे। महेंद्र सिंह धोनी, साथी खिलाड़ियों के लिए माही भाई हैं। धोनी ने भारतीय क्रिकेट में एक खास मुकाम बना लिया है इसलिए चेन्नई सुपर किंग्स के ज्यादातर खिलाड़ी और टीम इंडिया के जूनियर भी उन्हें माही भाई कहते हैं। लेकिन चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा के लिए यह स्थिति थोड़ी अजीब है। उनके लिए अपने दोस्त को श्माही भाईश कहना जरा चुनौतीपूर्ण है। रविचंद्रन अश्विन के यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए उथप्पा ने कहा कि उन्होंने अपनी इस दुविधा के बारे में धोनी से बात की थी। विकेटकीपर बल्लेबाज ने कहा पूर्व भारतीय कप्तान ने उनसे कहा था कि वह अपनी मर्जी के नाम से उन्हें बुला सकते हैं। उथप्पा ने कहा, आज, मेरे लिए उन्हें माही भाई कहना बहुत मुश्किल है। चूंकि जब से मैं उन्हें जानता हूं, तो वह माही, एमएस थे।

## लखनऊ का कौन सा मजबूत पक्ष दिल्ली को कर सकता है परेशान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आइपीएल 2022 के 15वें लीग मैच में दिल्ली कैपिटल्स का सामना लखनऊ सुपर जाइंट्स के साथ होगा। इस मुकाबले से पहले दिल्ली टीम के सहायक कोच शेन वाटसन ने लखनऊ सुपर जाइंट्स के एक ऐसे मजबूत पक्ष का जिक्र किया जिससे दिल्ली कैपिटल्स टीम को खासी परेशानी हो सकती है। इसमें कोई शक नहीं है कि लखनऊ टीम के पास आलराउंडर खिलाड़ियों की कोई कमी नहीं है जिससे उनके पास ज्यादा विकल्प होते हैं। इस टीम ने अपने आखिरी लीग मैच में प्लेइंग इलेवन में जेसन होल्डर को शामिल किया था जिसके बाद इनकी गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों ही और ज्यादा मजबूत हो गई थी। पिछले मैच में लखनऊ की टीम में जेसन होल्डर, क्रुणाल पांड्या और दीपक हुडा के तौर पर तीन आलराउंडर थे जिसने दिल्ली के खिलाफ भी खेलने की संभावना है।

## ओपनिंग सेरेमनी से दो दिन पहले शुरू होंगे इवेंट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पेरिस। इंटरनेशनल ओलिंपिक कमेटी के कार्यकारी बोर्ड ने पेरिस 2024 ओलिंपिक गेम्स के शेड्यूल को मंजूरी दे दी है। ओपनिंग सेरेमनी से दो दिन पहले यानी 24 जुलाई को इवेंट की शुरुआत होगी। 26 जुलाई को ओपनिंग सेरेमनी का आयोजन किया जाएगा। इस ओलिंपिक में कुल 329 मेडल इवेंट होंगे। टोक्यो 2020 में इससे 10 ज्यादा मेडल इवेंट हुए थे। 11 अगस्त को समापन समारोह होगा। 19 दिन चलने वाले इस खेलों के महाकुंभ का पहला इवेंट हैंडबॉल होगा। मेजबान फ्रांस के पास 4 गोल्ड समेत इस इवेंट में रिकॉर्ड 7 मेडल हैं। रग्बी में ग्रुप प्ले भी उसी दिन शुरू होता है। तहिति में सर्फिंग के इवेंट होंगे। यह पेरिस से करीब 15 हजार किमी दूर है।